सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-282
10/06/2018

मुख्यमंत्री ने दावत–ए–इफ्तार में शिरकत की

पटना, 10 जून 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पूर्व नेता विरोधी दल बिहार विधान परिषद श्री गुलाम गौस के आवास पर आयोजित दावत–ए–इफ्तार में शामिल हुए। गांधी मैदान के दक्षिणी छोर पर स्थित आवास पर आयोजित दावत–ए–इफ्तार में मुख्यमंत्री को श्री गुलाम गौस ने टोपी एवं अंगवस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, पूर्व मंत्री श्री शिवचंद्र राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं रोजेदार उपस्थित थे।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री फुलवारी शरीफ खानकाह मुजिबिया में आयोजित दावत–ए–इफ्तार में शरीक हुए। फुलवारीशरीफ स्थित खानकाह मुजिबिया में मुख्यमंत्री को गुलदस्ता, टोपी एवं साफा भेंटकर पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री श्याम रजक तथा फुलवारी जदयू नगर प्रखंड के अध्यक्ष श्री अफताब आलम ने स्वागत किया। श्री अफताब आलम ने मुख्यमंत्री को पवित्र कुरान एवं पैगम्बर इस्लाम हजरत मुहम्मद के जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट की।

इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद श्री चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, जदयू नेता श्री निहोरा प्रसाद यादव, श्री मिन्हाजुद्दीन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं रोजेदार उपस्थित थे।

******